मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-153
04/04/2020

# मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति के परिप्रेक्ष्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

पटना 04 अप्रैल, 2020 :– 1 अणे मार्ग स्थित 'नेक संवाद' में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति के परिप्रेक्ष्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ संवाद किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री को अद्यतन स्थिति की जानकारी दी और सरकार के स्तर पर किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री को विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया गया कि कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये हमलोग सेवा भाव से लगे हुये हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ दिनों पहले भी आप सब विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ संवाद हुआ था, आज दो और विशेषज्ञ चिकित्सक जुड़े हैं, मैं आप सबको सुझाव देने के लिए धन्यवाद देता हूँ। आप सब स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं, आप सबका अपना अनुभव है। पिछली बार आपने सुझाव दिया, उस पर स्वास्थ्य विभाग गंभीरता से अमल कर रहा है। आज के आपके सुझाव भी काफी महत्वपूर्ण हैं, उसे क्रियान्वित करने के लिये स्वास्थ्य विभाग आवश्यक कदम उठायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की जानकारी मिलते ही हमलोगों ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी थी। कोरोना संक्रमण को देखते हुये सोशल डिस्टेंसिंग को अपनाया गया। 13 मार्च से ही कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सरकार के स्तर पर ऐहतियाती कदम उठाये जाने लगे। बिहार में हमलोगों ने ग्रामीण क्षेत्रों को छोड़कर बांकि पूरे राज्य में जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड मुख्यालय तक लॉकडाउन का निर्णय लिया। उसके दो दिन बाद केंद्र सरकार ने पूरे देश में सभी जगहों पर 21 दिन के लॉकडाउन का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि जो भी लोग राज्य के बाहर से आए हैं उनकी सघन स्क्रीनिंग करायी जा रही है। उनकी टेस्टिंग भी की जा रही है। हमलोग हर स्तर पर काम कर रहे हैं, बिहार के लोग पूरी तरह सचेत हैं। गांव के लोग भी बाहर से आने वाले लोगों को अलग रखने के काम में सहयोग दे रहे हैं। सभी जन प्रतिनिधि भी सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ, नर्सेस के साथ–साथ पुलिस पदाधिकारी, प्रशासन के लोग, राज्य की जनता के सहयोग के लिए अपना दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। चिकित्सकों की सुविधा के लिए हमलोग जरूरी इक्यूपमेंट्स भी उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनएमसीएच को कोविड–19 के ट्रीटमेंट के लिए विशेष अस्पताल के रूप में चिह्नित किया गया है। वहां काम करने वाले चिकित्सकों, नर्सेज एवं पारा मेडिकल स्टाफ को जरूरी सुविधाएं मुहैया करायी जा रही हैं। हमलोगों को इस बात के लिए भी विचार करना चाहिए कि अन्य बीमारियों के इलाज के लिए भी लोगों को असुविधा ना हो, इसके लिए अन्य अस्पतालों को भी कार्यरत करना होगा। कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिए सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है, लोगों को भयभीत होने की जरूरत नहीं है। हम सब आत्मविश्वास बनाये रखें। मुझे पूरा भरोसा है कि सब के सहयोग से हमलोग इस संकट से बाहर आएंगे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पद्मश्री डॉ0 एस0एन0 आर्या, डॉ0 ए0 हई, डॉ0 विजय प्रकाश, पी0एम0सी0एच0 के डॉ0 सत्येंद्र नारायण सिंह, केयर के डॉ0 हेमंत शाह, डब्लू0एच0ओ0 के डॉ0 बी0पी0 सुब्रह्मण्यम, आर0एम0आर0आई0 के निदेशक डॉ0 प्रदीप कुमार दास, एन0एम0सी0एच0 के डॉ0 विजय कुमार गुप्ता, एम्स के निदेशक डॉ0 पी0के0 सिंह, आई0जी0आई0एम0एस0 के निदेशक डॉ0 एन0आर0 विश्वास, डॉ0 एस0के0 शाही, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री संजय कुमार ने भी अपन–अपने सुझाव एवं विचार रखे।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पांडे, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******